कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार,
14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
दूरभाष : 0522–2288656 cehydelpcl@gmail.com फैक्स : 0522–2288655

संख्या : 290 / अनु0–7 / मु0अ0(हा0) दिनांक : 18 / 03 / 2017

## कार्यालय ज्ञाप

लखनऊ नगर स्थित उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 एवं अन्य सम्बन्धित निगमों के कार्मिकों को विभागीय आवास आवंटित करने हेतु गठित आवास आवंटन समिति की दिनांक 17.03.2017 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार एतद्द्वारा आदेशित किया जाता है कि विभागीय आवासों के आवंटन हेतु प्रार्थियों द्वारा दिये गये अपने आवेदन पत्र का पुर्ननवीनीकरण प्रतिवर्ष दो बार माह जनवरी एवं माह जुलाई में किया जाना होगा। निर्धारित समयावधि में अपने आवास आवंटन हेतु दिये गये प्रार्थना पत्र को नवीनीकृत करा लेने पर प्रार्थियों की प्रतीक्षा सूची की वरिष्ठता यथावत् बनी रहेगी, यदि उल्लिखित समयावधि में किसी प्रार्थी का प्रार्थना पत्र नवीनीकृत नहीं होता है तो यह मानते हुये कि वह अब आवास आवंटन हेतु इच्छुक नहीं है उसका नाम वरिष्ठता सूची से विलोपित कर दिया जायेगा। उक्त व्यवस्था से उन स्थितियों का समाधान हो जायेगा जिसके कारण आवेदकों के लखनऊ नगर से स्थानान्तरण / निजी आवास में चले जाने / सेवा निवृत्त हो जाने / मृत्यु हो जाने के फलस्परूप उनको आवास आवंटन किया जाना नियम संगत नहीं रहता फिर भी उनका नाम प्रतीक्षा सूची में परिलक्षित होता रहता है। इस प्रकार प्रतीक्षा सूची में सही आवेदकों को अपनी वरिष्ठता के सम्बन्ध में जहां भ्रम की स्थिति बनी रहती है वहीं त्रुटिपूर्ण आवंटन आदेश निर्गत होते है, जिन्हें बाद में संशोधित करना पड़ता है।

आज्ञा से

**आवास आवंटन समिति**

**<u>संख्या : 290 / अनु0–7 / मु0अ0(ज0वि0) / तद्दिनांक / 18.03.2017</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पाकालि, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पाट्राकालि, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 ज0वि0नि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पाकालि, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता (जानपद) पारेषण–द्वितीय, उ0प्र0 पाट्राकालि, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद निर्माण खण्ड–प्रथम, अलीगंज, लखनऊ।
8. अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ को पाकालि के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. वैयक्तिक सहायक–द्वितीय, कार्यालय मुख्य अभियन्ता (ज0वि0) को इस आशय से प्रेषित कि आवास आवंटन हेतु निर्धारित आवेदन पत्र के प्रारूप में इस आशय का बिन्दु जोड़ दें जिससे आवेदकों के नवीनीकरण सम्बन्धी व्यवस्था का ज्ञान हो सके, साथ ही भविष्य में उपरोक्तानुसार वरिष्ठता सूची तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड कराना भी सुनिश्चित करें।

18/3/17
(एम0के0 जाखनवाल)
वैयक्तिक सहायक–द्वितीय
**<u>कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)</u>**